DAINIK BASKAR HINDI

Dt. 15.07.2019 Monday

सीएसआईआर का दावा, लुधियाना के वैज्ञानिकों ने विकसित की तकनीक

ज्यादा फायदे वाला बायो डीजल प्लांट किया विकसित

सिटी रिपोर्टर | लुधियाना

गिल रोड स्थित सीएसआईआर और सीएमईआरआई के ऑफिस में रविवार को समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. हरीश हिरानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

समारोह में संस्थान के पीआरओ पीएन पाठक ने बताया कि सीओईएफएम लुधियाना के वैज्ञानिकों ने सेमी-अविरल बॉयो डीजल प्लांट की तकनीक विकसित की है। इस तकनीक से दस प्रतिशत तक मुक्त फेटी एसिड सामग्री वाले किसी भी फीड-स्टाक से बॉयो डीजल के उत्पादन की प्रक्रिया को सरल बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह एक कम रखरखाव वाली उत्पादन तकनीक है। जिसे कम पूंजी लागत से कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है। बॉयो-डीजल के प्लांट को लगाकर इंडस्ट्रियलिस्ट अच्छा खासा मुनाफा कमा सकते हैं। साथ ही सरकार द्वारा इस प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने के लिए बड़ी कम ब्याज दर पर कर्ज भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।